PSEBonline.com

## मॉडल पेपर

समय : 3 घंटे | कक्षा –दसवीं | कुल अंक-90

भाग-क

**प्रश्न-1 :** (i) **हाँ अथवा नहीं में उत्तर दीजिए –**

'उपकार' शब्द का विपरीत शब्द 'अपकीर्ति' होगा – **हाँ अथवा नहीं**

(ii) 'गंगाजल' समस्त पद के निम्नलिखित समास-विग्रह-विकल्पों में से **सही विकल्प को चुनकर लिखिए :**

(क) गंगा पर जल (ख) गंगा के लिए जल (ग) गंगा को जल (घ) गंगा का जल

(iii) नीचे दिए गए कोष्ठक ( ) में सही कथन होने पर **सही (√) और गलत कथन होने पर गलत (×) का निशान लगाएं :**

**'कल्पना '** शब्द का विशेषण होगा – 'काल्पनिकता' ( )

(iv) नीचे दिए गए कोष्ठक ( ) में सही कथन होने पर **सही (√) और गलत कथन होने पर गलत (×) का निशान लगाएं :**

'प्रशंसा करने योग्य' अनेक शब्दों के लिए का एक शब्द होगा – **'विशेषज्ञ'** ( )

(v) 'बादल' शब्द के निम्नलिखित में से **सही पर्यायवाची शब्द के साथ रेखा खींचकर मिलान कीजिए-**

**बादल** (क) सरोज

PSEBonline.com

(ख) नीरद

(ग) नीरज

(vi) **रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए-**

मीराबाई की 'पदावली' के अनुसार मीरा --------को अपने नयनों में बसाना चाहती है ।

(vii) 'हम राज्य लिए मरते हैं' कविता में उर्मिला किसकी प्रशंसा कर रही है ?

(viii) **रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए-**

'अहसास' लघुकथा में छात्र-छात्राएं----------देखकर डर गये ।

(ix) **'हाँ'अथवा 'नहीं'' में उत्तर दीजिए –**

गुरु नानक देव जी का जन्म ज़िला शेखूपुरा के तलवंडी (अब पाकिस्तान) गाँव में कार्तिक पूर्णिमा को सन 1469 ई. में हुआ। – **हाँ अथवा नहीं ।**

(x) 'देश के दुश्मन' एकांकी में जयदेव ने तस्करों को मारकर उनसे कितने लाख का सोना छीना था ? निम्नलिखित में से **सही विकल्प को चुनकर लिखिए :**

(क) पाँच लाख (ख) छह लाख (ग) सात लाख (घ) आठ लाख $10 \times 1 = 10$

PSEBonline.com

## भाग–ख

प्रश्न–2 निर्देशानुसार उत्तर दीजिए –

(i) निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिए–

PSEBonline.com

रजनी + ईश

अथवा

निम्नलिखित शब्द का संधिविच्छेद कीजिए–

प्रत्येक

(ii) निम्नलिखित समस्त पद (समास) का विग्रह कीजिए–

गौशाला

अथवा

निम्नलिखित विग्रह का समस्त पद (समास) बनाइए–

जेब के लिए खर्च

(iii) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द की भाववाचक संज्ञा बनाइए–

हिंदू , वीर

(iv) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द का विशेषण बनाइए–

भारत , पंजाब

(v) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए–

ईश्वर, जल

(vi) निम्नलिखित में से किसी एक समरूपी भिन्नार्थक शब्द–युग्म का प्रयोग वाक्य में इस तरह करें ताकि उनका अर्थ स्पष्ट हो जाए–

असमान–आसमान , प्रणाम–प्रमाण

(vii) निम्नलिखित में से किसी एक वाक्यांश (अनेक शब्दों) के लिए एक शब्द लिखिए–

डाक बाँटने वाला , आलोचना करने वाला

(viii) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द का विलोम शब्द लिखिए–

कंजूस, ज़िंदाबाद

(ix) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द के अनेकार्थक शब्द (कम से कम दो) लिखिए–

फल, बोझ

(x) निम्नलिखित में से किसी एक अशुद्ध वाक्य को शुद्ध करके लिखिए–

(क) उसने भूख लगी है ।

(ख) दूध में कौन गिर गया है ? 10 x 1 =10

## भाग– ग

प्रश्न –3. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए—

प्रभु तरुतर कपि डार पर, ते किए आपु समान।
तुलसी कहूँ न राम से, साहिब सील निधान॥

अथवा

हँसमुख प्रसून सिखलाते
पल भर है, जो हँस पाओ,
अपने उर की सौरभ से
जग का आँगन भर जाओ ! 1+4=5

PSEBonline.com

PSEBonline.com

**प्रश्न -4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर लगभग तीन-चार पंक्तियों में दीजिए :—**

(i) 'ममता ' कहानी में ममता ने अपनी झोपड़ी के द्वार पर आए अश्वारोही को बुलाकर क्या कहा?

(ii) ' दो कलाकार' कहानी के आधार पर अरुणा के समाज-सेवा के कार्यों के बारे में लिखिए।

(iii) राजेंद्र बाबू को देखकर हर किसी को यह क्यों लगता था कि उन्हें पहले कहीं देखा है? 'राजेंद्र बाबू' निबन्ध के आधार पर लिखिए । PSEBonline.com

(iv) लेखक के अनुसार कोई भी कार्य महान कैसे बन जाता है? ' मै और मेरा देश' निबन्ध के आधार पर लिखिए।

(v) 'देश के दुश्मन' एकांकी में जयदेव ने अपनी छुट्टी क्यों कैंसिल करा दी थी ?

(vi) 'सूखी डाली' एकांकी के आधार पर लिखिए कि कर्मचन्द की किस बात से दादा जी चिंतित हो उठते हैं ? $4 \times 2\frac{1}{2} = 10$

**प्रश्न-5 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लगभग छह-सात पंक्तियों में दीजिए :—**

(i) 'नर्स' कहानी का उद्देश्य अपने शब्दों में लिखिए ।

(ii) 'अशिक्षित का हृदय' कहानी के आधार पर मनोहर सिंह का चरित्र चित्रण कीजिए ।

(iii) 'सूखी डाली' एकांकी में छोटी बहू के अलावा घर के सभी सदस्यों को बुलाकर दादा जी क्या समझाते हैं?

(iv) 'मित्रता ' निबन्ध में लेखक ने सच्चे मित्र के कौन-कौन से गुण बताएं हैं ?

(v) 'सदाचार का तावीज' पाठ में छिपे व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए । $3 \times 5 = 15$

PSEBonline.com

## भाग-(घ)

**प्रश्न -6** आपका नाम दीपक कुमार है । आप मकान नम्बर 345, सुन्दर नगर, फरीदाबाद में रहते हैं ।आपका मोबाइल नम्बर 2134474657 है । आप नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को अपने क्षेत्र की सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए ।

**अथवा** PSEBonline.com

आपका नाम मीना कुमारी है।आप मकान नम्बर 234, सुख नगर, शिमला मे रहते हैं। आपका मोबाइल नम्बर 457000069 है।आप शिमला के 'जन चेतना' समाचार पत्र के सम्पादक के नाम आवारा कुत्तों के आतंक की ओर ध्यान दिलाने हेतु एक पत्र लिखिए । 7

PSEBonline.com

**प्रश्न –7 निम्नलिखित किसी एक विषय पर 100–120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए-**

(i) मेरे जीवन का लक्ष्य

(ii) नाटक में अभिनय में मेरा पहला अनुभव

(iii) अपने नये घर में प्रवेश PSEBonline.com 8

**भाग-(ङ)**

**प्रश्न –8 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :—**

जब एक उपभोक्ता अपने घर पर बैठे इंटरनेट के माध्यम से विभिन्न वस्तुओं की खरीदारी करता है तो उसे ऑनलाइन खरीदारी कहा जाता है । इस तरह की खरीदारी आज अत्यंत लोकप्रिय हो गयी है । दुकानों, शोरूमों आदि के खुलने व बंद होने का समय होता है किन्तु ऑनलाइन खरीदारी का कोई विशेष समय नहीं है । आप जब चाहें इंटरनेट के माध्यम से खरीदारी कर सकते हैं । आप फर्नीचर, किताबें , सौन्दर्य प्रसाधन, वस्त्र, खिलौने, जूते, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आदि कुछ भी ऑनलाइन खरीद सकते हैं । यद्यपि यह बहुत ही सुविधाजनक और लाभदायक है तथापि इसमें कई जोखिम भी समाविष्ट हैं। अतः ऑनलाइन खरीदारी करते समय सावधानी बर्तनी चाहिए । सबसे पहले इस बात का ध्यान रखें कि जिस वैबसाइट से आप खरीदारी करने जा रहे हैं वह वास्तविक है अथवा नहीं। अलग-अलग साइट्स पर उपलब्ध विभिन्न वस्तुओं की कीमतों का तुलनात्मक अध्ययन करके ही खरीदारी करें। बिक्री के नियम एवं शर्तों को भी अच्छी तरह परख लेना चाहिए। लेन-देन पूरा करने के बाद उसका प्रिंट लेना समझदारी होगी। यदि आप क्रेडिट कार्ड के माध्यम से भुगतान करते हैं तो भुगतान के बाद तुरंत जाँच लें कि आपने जो कीमत चुकाई है वह सही है या नहीं। यदि आप उसमें कोई भी परिवर्तन पाते हैं तो तत्काल सम्बन्धित अधिकारियों से सम्पर्क स्थापित करके उन्हें सूचित करें। वैसे ऐसी साइट्स को प्राथमिकता दी जानी चाहिए जिसमें आर्डर की गई वस्तु की प्राप्ति होने पर नकद भुगतान करने की सुविधा हो एवं खरीदी गई वस्तु नापसंद होने पर वापिस करने का प्रावधान हो।

(i) ऑनलाइन खरीदारी किसे कहा जाता है ?

(ii) आप इंटरनेट के माध्यम से ऑनलाइन क्या-क्या खरीदारी कर सकते हो ?

(iii) क्रेडिट कार्ड से भुगतान करने के पश्चात यदि कोई अनियमितता पायी जाती है तो हमें क्या करना चाहिए?

(iv) '**समाविष्ट**' और '**प्राथमिकता**' शब्दों के अर्थ लिखिए।

(v) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए। $5 \times 1 = 5$

PSEBonline.com

## भाग-(घ)

**प्रश्न 9 : निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच मुहावरों / लोकोक्तियों के वाक्य इस तरह बनाएं ताकि उनके अर्थ स्पष्ट हो जाएं-**

(i) इस कान सुनना उस कान उड़ा देना

(ii) कच्चा चिट्ठा खोलना

(iii) तिनके का सहारा

(iv) मोती पिरोना

(v) घर का भेदी लंका ढाए

(vi) अपना कोढ़ बढ़ता जाय, औरों को दवा बताय

(vii) जोते हल तो होंवे फल 5x 1 =5

PSEBonline.com

## भाग-(छ)

**प्रश्न 10 : निम्नलिखित पंजाबी गद्यांश का हिंदी में अनुवाद कीजिए-**

ਭਾਰਤ ਦੇ ਉੱਤਰ ਪ੍ਰਦੇਸ਼ ਦੇ ਆਗਰਾ ਸ਼ਹਿਰ ਵਿੱਚ ਸਥਿਤ ਤਾਜਮਹੱਲ ਇੱਕ ਖ਼ੂਬਸੂਰਤ ਮਕਬਰਾ ਹੈ। ਇਸਦਾ ਨਿਰਮਾਣ ਮੁਗਲ ਸਮਰਾਟ ਸ਼ਾਹਜਹਾਨ ਨੇ ਆਪਣੀ ਪਤਨੀ ਮੁਮਤਾਜ ਮਹੱਲ ਦੀ ਯਾਦ ਵਿੱਚ ਵਿੱਚ ਕਰਵਾਇਆ ਸੀ। ਇਹ ਆਪਣੀ ਸੁੰਦਰਤਾ ਅਤੇ ਉੱਤਮ ਵਾਸਤੂਕਲਾ ਕਰਕੇ ਦੁਨੀਆ ਭਰ ਵਿੱਚ ਪ੍ਰਸਿੱਧ ਹੈ। PSEBonline.com 5

## भाग-(ज)

**प्रश्न 11 : निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए**

(i) आपका नाम हरिराम है। आपकी सेक्टर-14 यमुनानगर में एक दस मरले की कोठी है। आप इसे बेचना चाहते हैं। आपका मोबाइल नम्बर 1456894566 है, जिस पर कोठी खरीदने के इच्छुक आपसे सम्पर्क कर सकते हैं। वर्गीकृत विज्ञापन के अन्तर्गत **'कोठी बिकाऊ है'** का प्रारूप तैयार करके लिखिए। PSEBonline.com

(ii) सरकारी हाई स्कूल, सेक्टर- 56 चंडीगढ़ के मुख्याध्यापक की ओर से स्कूल के सूचना-पट्ट (नोटिस बोर्ड) के लिए एक सूचना तैयार कीजिए, जिसमें स्कूल की सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए सेक्शन बदलने की अंतिम तिथि 08.04.2018 दी गयी हो। 5

PSEBonline.com

## भाग-(झ)

PSEBonline.com

**प्रश्न 12 : निम्नलिखित में से किसी एक प्रपत्र को अपनी उत्तर-पुस्तिका पर उतारकर भरें-**

(i) मान लीजिए आपका नाम अमिताभ वोहरा है। आपका कल्याण बैंक, शाखा-गंगानगर में एक बचत खाता है, जिसका नम्बर 1964440009 है। आपको अपने इस खाते में से 7500/- रुपये निकलवाने हैं। इस अनुसार निम्नलिखित प्रपत्र भरें-

| |
|---|
| कल्याण बैंक, शाखा : गंगानगर |
| **बचत बैंक आहरण प्रपत्र** |
| बचत खाताधारक का नाम: ---------------------------------------- |
| खाता नम्बर: ------------------------------------------------ |
| कृपया मुझे ------------रुपये (अंकों में) ----------------रु० (शब्दों में) अदा करें। |
| खाताधारक के हस्ताक्षर : ------------ |

(ii) मान लीजिए आपका नाम जगदीश सिंह है। आपका भारतीय डाक के सेक्टर-15 पंचकूला में एक बचत खाता है, जिसका नम्बर 4555221008 है। आपको अपने इस खाते में से दिनांक 15.05.2018 को 4000/- रुपये निकलवाने हं। इस अनुसार निम्नलिखित प्रपत्र भरें:

| |
|---|
| **रुपये निकालने का फार्म** |
| **( जमाकर्ता द्वारा भरा जाए )** |
| डाकघर का नाम : **सेक्टर-15**, पंचकूला |
| दिनांक ----------- |
| बचत खाता सं०-------------------------------------------------- |
| कृपया मुझे -----------रुपये (अंकों में) ------------------ रु० (शब्दों में) का भुगतान करें। |
| जमाकर्ता के हस्ताक्षर ---------------- |

PSEBonline.com

5

---------